**दिनांक : 05.04.2025** **समय : 07.10PM**

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। कई समझौतों पर किए हस्ताक्षर।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादियों से की, आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील।
- आज के समय में एआई प्रासंगिक विषय, कहा– मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने।
- प्रदेश में पोषण पखवाड़ा आठ अप्रैल से होगा शुरू।

### पीएम श्रीलंका

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। वार्ता का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक और विकास संबंधी भागीदारी को मजबूत बनाना है। दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा और ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा–

प्रधानमंत्री श्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने लंबे समय से चले आ रहे मछुआरों के मुद्दे पर चर्चा की और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर सहमति व्यक्त की। श्री मोदी ने हिरासत में लिए गए मछुआरों की शीघ्र रिहाई और उनकी नौकाओं को लौटाने की आवश्यकता पर बल दिया। श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए इसे प्रासांगिक और समय के अनुकूल बताया। प्रधानमंत्री के इस दौरे पर भारत और श्रीलंका के बीच रक्षा सहयोग, विद्युत, आयात और निर्यात, डिजिटलीकरण, पूर्वी प्रांत को बहुक्षेत्रीय अनुदान सहायता स्वास्थ्य और चिकित्सा तथा औषधि कोष सहित विभिन्न क्षेत्रों में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

### अमित शाह–छत्तीसगढ़

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगले साल मार्च के अंत तक छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद का खात्मा करने का संकल्प दोहराया है। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में आज बस्तर पंडुम के समापन समारोह में उन्होंने माओवादियों से आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की।

श्री शाह ने छत्तीसगढ़ की आदिवासी कला और शिल्प को बढ़ावा देने के लिए बस्तर पंडुम की प्रशंसा की और घोषणा की है कि अगले साल हर आदिवासी जिले से कलाकार इसमें शामिल होंगे। गृह मंत्री राजधानी रायपुर में विभागीय समीक्षा बैठक कर वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने की दिशा में हुई प्रगति का जायजा लेंगे।

**वक्फ विधेयक–मिथक**

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने आज वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 से संबंधित मिथकों पर कहा है कि वक्फ अधिनियम 1995 के लागू होने से पहले और अधिनियम के अंतर्गत वक्फ के रूप में पंजीकृत कोई भी संपत्ति हटाई नहीं जाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि एक बार जब कोई संपत्ति वक्फ घोषित हो जाती है, तो वह स्थायी रूप से रहती है। विधेयक केवल बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता के लिए नियमों को स्पष्ट करता है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्ड में गैर–मुस्लिम शामिल होंगे, लेकिन वे बहुमत नहीं बनाएंगे। कोई व्यक्तिगत भूमि अधिग्रहित नहीं की जाएगी और यह विधेयक केवल उन संपत्तियों पर लागू होता है, जिन्हें वक्फ घोषित किया गया है। केवल स्वैच्छिक और कानूनी रूप से वक्फ के रूप में समर्पित संपत्तियां ही नए नियमों के दायरे में आती हैं।

**मुख्यमंत्री एआई**

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा है कि आज के समय में कृत्रिम बौद्धिकता– एआई अत्यंत प्रासंगिक विषय है, जिस पर विस्तार से चर्चा की गई है। नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आज 'सोशल इंप्लीकेशंस ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि हम प्रदेश में जन कल्याण और सुशासन के लिए विज्ञान आधारित प्रणालियों का उपयोग करने की दिशा में काम कर रहे हैं। साथ ही आवश्यक सावधानियां भी सुनिश्चित कर रहे हैं। ऐसे महत्वपूर्ण विषयों को सामने लाना सराहनीय है।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एआई कार्यक्रम की झलकियां साझा कीं, जिसमें से एक में वे एआई को लेकर फैले भ्रम पर बात करते दिखे।

**जल संरक्षण अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में जन सहयोग उमड़ रहा है। इसमें निरंतर जन सहभागिता बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जल संरक्षण के लिए जन भागीदारी जुटने से स्पष्ट है कि प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जन सहयोग से जल संरक्षण' की मुहिम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अग्रिम पंक्ति में आ गया है।

सतना जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सतना के तत्वाधान में उचेहरा में नवांकुर कल्प वृक्ष सेवा समिति के संस्कार केंद्र में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**नवरात्र उत्सव**

आज दुर्गा अष्टमी के अवसर पर प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। **नर्मदापुरम** में धार्मिक उत्साह का माहौल है। मां नर्मदा के सेठानी घाट समेत अन्य घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का स्नान और दर्शन–पूजन का दौर चलता रहा। वहीं, सिंधी कॉलोनी स्थित मां शेरावाली दरबार में सुबह से ही विशेष पूजा–अर्चना और हवन का आयोजन किया गया। **जबलपुर** के बरगी में आज से 15 दिवसीय झील महोत्सव शुरू हो गया है। इस दौरान पानी, जमीन और आसमान में एडवेंचर स्पोर्ट्स होंगे। शिवपुरी में आज चैत्र नवरात्र के दौरान अष्टमी को लेकर विभिन्न माता मंदिरों पर भंडारे और प्रसादी का वितरण किया गया। **शिवपुरी** की प्रसिद्ध प्राचीन राजराजेश्वरी माता मंदिर, कैला माता मंदिर, काली माता मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। **आगरमालवा** जिले के अनेक घरों और देवी मंदिरों में माता के आठवें स्वरूप महागौरी के रूप में कुल देवी की विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही हवन, पूजन, रामायण पारायण और अनुष्ठानों के साथ ही अनेक स्थानों पर कन्या भोज के आयोजन भी किये गए।

**पोषण पखवाड़ा**

प्रदेश में सातवां पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से शुरू होगा। 22 अप्रैल तक चलने वाले पोषण अभियान में लोगों को व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान के तहत पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। इस बार केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय ने 'जीवन के प्रथम 1000 दिवस' पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने व्यापक प्रचार–प्रसार, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंध तथा बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली जैसी थीम पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। पोषण पखवाड़ा के दौरान सभी जिलों में साइकिल रैली, पोषण रैली, प्रभात फेरी, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं और किशोरी बालिकाओं के साथ पोषण ट्रैकर में हितग्राही मॉडल पर समूह चर्चा, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**संक्षिप्त समाचार**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज देवास जिले के खातेगांव क्षेत्र का दौरा किया। यहां उन्होंने गुजरात के बनासकांठा में हुए धमाके में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

- नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने आज अधिकारियों के साथ रामपुरा का भ्रमण कर, 9 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लिया।
- नर्मदापुरम जिले के फंचाखेड़ा के पास सलकनपुर रोड पर आज सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई और चार घायल हो गए।
- रायसेन जिले के मुड़िया खेड़ा गांव के पास आज खेतों में तैयार गेहूं की फसल में आग लग गई। आग से करीब 100 एकड़ की फसल खाक हो गई।
- रीवा में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा "सेमीकंडक्टर युक्तियां" विषय पर एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- कटनी जिले के अभिभावकों और पालकों को कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक की स्टेशनरी, पुस्तकें, यूनिफॉर्म के लिए कल से 12 अप्रैल तक गणवेश मेला आयोजित किया जाएगा।
- छिन्दवाड़ा के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 9 अप्रैल को ट्राइडेंट ग्रुप बुदनी द्वारा आई.टी.आई. उत्तीर्ण महिला प्रशिक्षणार्थियों के लिये प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। कई समझौतों पर किए हस्ताक्षर।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादियों से की, आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील।
- आज के समय में एआई प्रासंगिक विषय, कहा– मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने।
- प्रदेश में पोषण पखवाड़ा आठ अप्रैल से होगा शुरू।